**भारतसरकार**
**स्वास्थ्यएवं परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्यअनुसंधान विभाग**

**लोकसभा**
**अतारांकितप्रश्न संख्या:3120**
**13दिसंबर, 2024 को उत्तर देने के लिए**

**बहुविषयक अनुसंधान इकाइयां स्थापित करना**

**3120. श्री केसिनेनी शिवनाथः**

**क्या स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान बहुविषयक अनुसंधान इकाइयां (एमआरयू) स्थापित करने के लिए आंध्र प्रदेश राज्य से प्राप्त/अनुमोदित प्रस्तावों की कुल संख्या कितनी है;

(ख) स्थापना के लिए अनुमोदित एमआरयू की कुल संख्या कितनी है और आवंटित धन के साथ पूर्ण/चल रहे अनुसंधान कार्य का ब्यौरा क्या है और उक्त प्रस्ताव को पूरा करने के लिए निर्धारित समय-सीमा क्या है;

(ग) आज तक देश में विशेष रूप से आंध्र प्रदेश में चल रहे मॉडल ग्रामीण स्वास्थ्य अनुसंधान इकाइयों (एमआरएचआरयू) की राज्य-वार कुल संख्या कितनी है;

(घ) पिछले पांच वर्षों के दौरान देश में एमआरयू और एमआरएचआरयू के उक्त दो घटकों के लिए राज्यवार कितनी धनराशि आवंटित की गई है; और

(ङ) क्या सरकार का विचार देश में ऐसी और इकाइयां स्थापित करने का है और यदि हां, तो विचाराधीन प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्रीप्रतापराव जाधव)**

(क) और (ख): महोदय, (i) बहुविषयक अनुसंधान इकाइयों की स्थापना और (ii) मॉडल ग्रामीण स्वास्थ्य अनुसंधान इकाइयों की स्थापना की योजना देश भर में स्वास्थ्य अनुसंधान को बढ़ावा देने हेतु अवसंरचना के विकास के लिए केंद्रीय क्षेत्र की अम्ब्रेला योजना की दो उप योजनाएं हैं। इस योजना की अवधारणा 12वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान की गई थी और यह 15वें वित्त आयोग की अवधि यानी 2021-22 से 2025-26 के तहत चल रही योजना है। आंध्र प्रदेश राज्य में 4 सहित कुल 117 एमआरयू पहले ही देश में स्वीकृत और स्थापित किए जा चुके हैं। पिछले 05 वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश राज्य से एक प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। 15वें वित्त आयोग की अवधि के दौरान एमआरयू की स्थापना के लिए धन के आवंटन के विवरण अनुलग्नक-I में हैं।

(ग): देश में कुल 35 मॉडल ग्रामीण स्वास्थ्य अनुसंधान इकाइयाँ (एमआरएचआरयू) संचालित हैं। देश में संचालितएमआरएचआरयू की राज्यवार सूची अनुलग्नक-II में है।

(घ): 15वें वित्त आयोग (2021-22 से 2025-26) के अनुसार, एमआरयू के लिए 288.11 करोड़ रुपये और एमआरएचआरयू के लिए 192.36 करोड़ रुपये का योजना परिव्यय है। धनराशि का आवंटन राज्यवार नहीं किया गया है।संबंधित राज्यों में स्थापित एमआरयू को सीधे धनराशि जारी की जाती है। पिछले पांच वर्षों के दौरान वार्षिक आवंटन अनुलग्नक-III में है।

(ङ): 15वें वित्त आयोग के तहत, एमआरयू की स्थापना के लक्ष्य पहले ही प्राप्त किए जा चुके हैं। ग्यारह (11) एमआरएचआरयू स्थापित किए जाने हैं, जिनमें से 07 एमआरएचआरयू पहले ही स्थापित किए जा चुके हैं और शेष 04 एमआरएचआरयू 15वें वित्त आयोग (2025-26) के अंत तक स्थापित किए जाएंगे।

*****

**अनुलग्नक-I**

**एमआरयू को अनावर्ती और आवर्ती अनुदान**

(करोड़ रुपए में)

| | |
|---|---|
| सिविल निर्माण | 0.25 |
| उपकरण | 2.00<br>(संतोषजनक कार्य निष्पादन और उपयोगिता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने के अधीन 1.00 करोड़ रुपये की 2 किस्तों में जारी किया जाएगा) |

टिप्पणी: चिकित्सा महाविद्यालय/अनुसंधान संस्थानों और एलआरएसी द्वारा अनुशंसित उपकरणों की खरीद के लिए 2.00 करोड़ रुपये से अधिक के अनुदान सहायता के प्रस्तावों परसचिव (डीएचआर) की मंजूरी से केस दर केस आधार पर प्रस्ताव की योग्यता को ध्यान में रखते हुए, विभाग विचार कर सकता है। 01.04.2021 से पहले स्वीकृत इकाइयाँ भी उपकरणों की खरीद के लिए अनुदान सहायता के इन मानदंडों द्वारा शासित होंगी। मौजूदा 85 एमआरयू को अनुदान सहायता पिछले वर्षों में पहले से जारी अनुदान और अनुसंधान कार्य की प्रगति को ध्यान में रखते हुए जारी की जाती रहेगी।

**आवर्ती अनुदान**

(करोड़ रुपए में)

| | |
|---|---|
| वेतन (प्रति वर्ष) | 0.28 |
| आकस्मिक व्यय/उपभोग्य वस्तुएं/प्रशिक्षण आदि (प्रति वर्ष) | 0.20 |

**एमआरएचआरयू की राज्यवार सूची**

| क्र. सं. | राज्य | एमआरएचआरयू की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | 1 |
| 2. | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 1 |
| 3. | अरुणाचल प्रदेश | 1 |
| 4. | असम | 1 |
| 5. | बिहार | 1 |
| 6. | छत्तीसगढ | 1 |
| 7. | गुजरात | 1 |
| 8. | हरियाणा | 1 |
| 9. | हिमाचल प्रदेश | 1 |
| 10. | जम्मू और कश्मीर | 1 |
| 11. | झारखंड | 2 |
| 12. | कर्नाटक | 1 |
| 13. | केरल | 1 |
| 14. | मध्य प्रदेश | 1 |
| 15. | महाराष्ट्र | 2 |
| 16. | मेघालय | 1 |
| 17. | मिजोरम | 1 |
| 18. | नगालैंड | 1 |
| 19. | उड़ीसा | 2 |
| 20. | पंजाब | 1 |
| 21. | पुदुचेरी | 1 |
| 22. | राजस्थान | 1 |
| 23. | तमिलनाडु | 2 |
| 24. | त्रिपुरा | 1 |
| 25. | तेलंगाना | 1 |
| 26. | उत्तर प्रदेश | 5 |
| 27. | पश्चिम बंगाल | 1 |
| | कुल | 35 |

**अनुलग्नक – III**

## 1. <u>बहु-विषयक अनुसंधान इकाई (एमआरयू)</u>

करोड़ रूपये में

| क्र. सं. | वर्ष | एमआरयू में संशोधित अनुमान के अनुसार आवंटन |
|---|---|---|
| 1. | 2019- 20 | 55.00 |
| 2. | 2020- 21 | 58.00 |
| 3. | 2021- 22 | 51.00 |
| 4. | 2022- 23 | 48.00 |
| 5. | 2023-24 | 50.00 |

## 2. <u>मॉडल ग्रामीण स्वास्थ्य अनुसंधान इकाई (एमआरएचआरयू)</u>

करोड़ रूपये में

| क्र. सं. | वर्ष | एमआरएचआरयू में संशोधित अनुमान के अनुसार आवंटन |
|---|---|---|
| 1. | 2019- 20 | 19.00 |
| 2. | 2020- 21 | 16.00 |
| 3. | 2021-22 | 18.00 |
| 4. | 2022-23 | 19.00 |
| 5. | 2023-24 | 20.00 |

*****